**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 12.10.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **जिलाधिकारी बांदा व पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा जनपद में आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधिनस्थ सेवा(प्रा0)/सहायक वन सरंक्षक/क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा(प्रा0) परीक्षा 2025 के सुचारू, निष्पक्ष एवं नकलविहीन आयोजन के दृष्टिगत विभिन्न परीक्षा केंद्रों के सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश।**

**विवरण**- जिलाधिकारी बांदा श्रीमती जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल द्वारा आज जनपद में आयोजित सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) एनं सहायक वन संरक्षक / क्षेत्रीय वन अधिकारी सेवा (प्रा0) परीक्षा-2025 के सुचारू एवं शांतिपूर्ण आयोजन हेतु जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केन्द्रों की निगरानी, प्रवेश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, महिला अभ्यर्थियों की तलाशी हेतु महिला पुलिसकर्मियों की उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान उपस्थित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि को रोकने हेतु पूर्ण सतर्कता बरतने, विद्युत, पेयजल, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिशा निर्देश दिए गए। साथ ही प्रश्न पत्रों की गोपनीयता **गोपनीयता, सुरक्षित भंडारण एवं वितरण प्रक्रिया** की भी गहन समीक्षा की गई। केंद्रों के बाहर भीड़भाड़ रोकने एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया गया। साथ ही स्पष्ट किया कि परीक्षा की गोपनीयता और निष्पक्षता बनाए रखने हेतु **किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का पूर्णत: पालन सुनिश्चित करें।